NT>

Title: Need to look into the increasing incidents of dacoity and abduction in Jodhpur, Rajasthan.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं जिस प्रदेश से आता हूं, वह शान्तिप्रिय प्रदेश है। मैं जिस शहर जोधपुर से आता हूं, वह भी एक शान्तिप्रिय शहर है। जिस शहर से मैं आ रहा हूं, उस शहर के ही राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं।

पिछले चार साल से उस शहर के हालात ऐसे हो गये कि वहां पर अपहरण की घटनाएं और वहां पर डकैती और लूट की घटनाएं इतनी बढ़ गईं कि आम व्यक्ति का जनजीवन कठिन परिस्थितियों में हो गया। वहां के हालात ये हैं कि अभी कुछ दिन पहले एक व्यापारी के बेटे का अपहरण हो गया, जो हैण्डीक्राफ्ट के व्यापारी हैं। पिछले 3-4 दिन से अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला है। वह मुख्यमंत्री का गृह जिला है और वहां पर जो आपराधिक तत्व हैं, उन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। जब भी पुलिस कोई कार्रवाई करती है तो किसी न किसी एम.एल.ए., किसी मंत्री या मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आ जाता है और अपराधियों को संरक्षण मिलता है। हालात ये हैं कि फिरौतियां वसूल हो रही हैं, वहां गांवों और ढाणियों तक फिरौतियां पहुंच गई हैं। वहां पर हमारा जो शान्तिप्रिय वातावरण था, आज वहां पर लोगों का रहना दूभर हो गया है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करूंगा कि वहां पर एक टीम भेजकर इस बात का पता लगाये कि आखिर वे कौन लोग हैं जो इस तरीके की घटनाएं वहां पर पैदा कर रहे हैं। मैं खास तौर से केन्द्रीय सरकार से मांग करूंगा कि वहां पर जरूर ध्यान दें।